बृजमोहन अग्रवाल
संसद सदस्य (लोकसभा) रायपुर
पूर्व केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

Brijmohan Agrawal
Member of Parliament (LokSabha) Raipur
Ex Cabinet Minister, Govt. of Chhattisgarh

क्रमांक 1183 / सांसद रायपुर लोकसभा 24

रायपुर, दिनांक 06/09/2024

विषयः— प्रदेश में सीमेंट की बढ़ाई गई 50 रूपये प्रति बोरी तक की कीमत वापस लेने विषयक।

—0—

माननीय महोदय,
मा. मुख्यमंत्री

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ खनिज, लौह, कोयला, उर्जा संपदा से भरपूर प्रदेश है, इसके बावजूद भी सीमेंट कम्पनियों के संगठनों द्वारा एक कार्टेल बनाकर सीमेंट के कीमतो में दिनांक 03 सितम्बर 2024 से बेतहाशा वृद्धि की गई है। सीमेंट कंपनियों का रवैया छत्तीसगढ की भोली–भाली जनता को लुटने व एकछत्र राज करने जैसा हो गया है। छत्तीसगढ सरकार को सीमेंट फैक्ट्रियो के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सीमेंट के बढाये गए कीमत वापस कराकर आम जनता को राहत दिलाने की जरूरत है।

सीमेंट कम्पनियों को छत्तीसगढ में ही खदाने, कोयला, उर्जा, सस्ती बिजली, सस्ती एवं सुलभ श्रमिक उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ के सारे संसाधनों का इनके द्वारा दोहन किया जा रहा है। सीमेंट कम्पनियों को उत्पादन के लिए कच्चा माल से लेकर उर्जा तक सभी वस्तुऐं छत्तीसगढ़ में कम दरों पर उपलब्ध है। उसके बावजूद सीमेंट के कीमतों में वृद्धि सीधे–सीधे छत्तीसगढ की जनता के उपर भार है।

.....02

रायपुर निवासः- राम जी वाटिका, मौलश्री विहार, राम मंदिर के पास, VIP रोड़, रायपुर छत्तीसगढ़-492001, मो.नं. 94252-02700
अस्थायी निवास-छत्तीसगढ़ भवन, सरदार पटेल मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
(Phone) 91-771-2331070(Off), 3588801 (R),फै.-0771-4049410, ईमेल bm.raipur@sansad.nic.in, bm.raipur@gmail.com
Raipur Residence - Ram Ji Vatika, Moulshree Vihar, near by Ram Mandir, Raipur(C.G.)
Temp. Resi: - Chhattisgarh Bhawan, Sardar Patel Marg, Chanakyapuri, New Delhi-110021
Facebook.com/brijmohan.ag, instagram.com/brijmohan.ag, twitter.com/brijmohan_ag,
Youtube.com/@BrijmohanAgrawalofficial & Website:- brijmohanagrawal.in

बृजमोहन अग्रवाल
संसद सदस्य (लोकसभा) रायपुर
पूर्व केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

Brijmohan Agrawal
Member of Parliament (LokSabha) Raipur
Ex Cabinet Minister, Govt. of Chhattisgarh

क्रमांक 1183 / सांसद रायपुर लोकसभा 24

रायपुर, दिनांक 06/09/2024

छत्तीसगढ़ में सीमेंट का प्रत्येक महीना लगभग 30 लाख टन (6 करोड़ बैग) उत्पादन किया जाता है जिसकी कीमतों में एकाएक 50 रूपये तक की प्रति बोरी के हिसाब से वृद्धि की गई है। प्रदेश में सभी सीमेंट कम्पनियाँ 03 सितम्बर 2024 के पूर्व लगभग 260 रू. प्रति बोरी सीमेंट बेच रहे थे जिसे अचानक एक दिन में लगभग 310 रूपये कर दिया गया है। वहीं सरकारी एवं जनहित के प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाला सीमेंट 210 रूपये प्रति बोरी से बढ़ाकर 260 रूपये प्रति बोरी कर दिया गया है। सीमेंट की कीमतों में एक ही दिन में लगभग 50 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि प्रदेश की जनता के उपर सीधा–सीधा आर्थिक बोझ है।

सीमेंट के कीमतों में एकाएक प्रति बोरी 50 रूपये तक वृद्धि से राज्य में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, सडक, भवन, पुल–पुलिया, नहर, स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी भवनों सहित गरीबों के लिए निर्मित पी.एम. आवास योजना में भी असर पड़ेगा । सारे शासकीय प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जायेगी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् गरीबों को घर बनाना दुर्भर हो जायेगा जो कि राज्य हित और देश हित दोनों के लिए उचित नहीं है।

कृपया उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार तत्काल इस दिशा में सीमेंट कम्पनियों की बैठक बुलाकर उनसे चर्चा कर सीमेंट की कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने उन्हें बाध्य करें व प्रदेश के करोड़ों जनता को राहत दिलाऐं।

<u>सादर</u>

(बृजमोहन अग्रवाल)

प्रति,

मान. मुख्यमंत्री जी
छत्तीसगढ़
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर निवास:- राम जी वाटिका, मौलश्री विहार, राम मंदिर के पास, VIP रोड़, रायपुर छत्तीसगढ़-492001, मो.नं. 94252-02700
अस्थायी निवास-छत्तीसगढ़ भवन, सरदार पटेल मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
(Phone) 91-771-2331070(Off), 3588801 (R),फै.-0771-4049410, ईमेल: bm.raipur@sansad.nic.in, bm.raipur@gmail.com
Raipur Residence - Ram Ji Vatika, Moulshree Vihar, near by Ram Mandir, Raipur(C.G.)
Temp. Resi: - Chhattisgarh Bhawan, Sardar Patel Marg, Chanakyapuri, New Delhi-110021
Facebook.com/brijmohan.ag, Instagram.com/brijmohan.ag, twitter.com/brijmohan_ag,
Youtube.com/@BrijmohanAgrawalofficial & Website:- brijmohanagrawal.in